# ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड़ बमसन, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश–177022 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **(क) प्रस्तावनाः–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव कार्यरत रहेः–**

**प्रधान :–**

| क्र॰ सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सोमा देवी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**पंचायत सचिव :–**

| क्र॰ सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री किशोर चन्द | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–** ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र॰ सं॰ | पैरा संख्या | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (लाखों में (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(4) | रोकड़ बही एवं बैंक शेष में अन्तर पाया जाना | 1.74 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 7.15 |
| 3 | 7.1 | पंचायत का गृहकर/सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.14 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 7.2 | पंचायत का स्वच्छता शुल्क वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.34 |
| 5 | 7.3 | रसीदों से प्राप्त राशि का दुर्विनियोजन | 0.50 |
| 6 | 8.1 | आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई खनन निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना अनियिमित भुगतान करना | 13.90 |
| 7 | 8.2 | स्त्रोत पर जी.एस.टी.टी.डी.एस.की कटौती न करना | 0.30 |
| 8 | 9.1 | उचित बिलों के बिना भुगतान करना | 0.76 |
| 9 | 9.2 | व्यय से सम्बन्धित माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 1.22 |
| 10 | 9.3 | खपत से अधिक निर्माण सामग्री जारी करने के फलस्वरूप सामग्री का दुर्विनियोजन/दुरूपयोग करना | 0.99 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना अनुसार हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला द्वारा ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन जिला हमीरपुर का यह **प्रथम** अंकेक्षण है।

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक व श्री पुनीत कुमार आर्टीकल सहायक द्वारा दिनांक 15.05.2025 से 17.05.2025 तक ग्राम पंचायत ऊहल के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024—25 | 08/2024 | 08/2024 |

***अस्वीकरण (Disclaimer):-* इस *अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर***

*किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग हि•प्र• उत्तरदायी नहीं होगा।*

## 3. अंकेक्षण शुल्कः—

ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹4,800 (14वें व 15वें वित्तायोग के अवधि 04/2024 से 03/2025 तक के ऑनलाईन ऑडिट के अंकेक्षण शुल्क सहित) बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, हि•प्र• शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना सं• 56/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत द्वारा कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल, जिला हमीरपुर के बैंक ड्राफ्ट संख्या केएए 277546 दिनांक 20.05.2025 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को प्रेषित कर दिया गया है।

## 4. वित्तीय स्थितिः—

सचिव ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों की संकलित वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–1** पर दिया गया है ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान (10) ऑनलाइन, रोकड़ बहियों अर्थात स्वः स्त्रोत, अनुदान(प्लानिंग), विकेन्द्रीकृत योजना कार्यक्रम(एस.डी.पी.), सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना, राज्य आपदा राहत कोष, मुख्यमन्त्री आवास योजना, 14वाँ वित्तायोग, 15 वाँ वित्तायोग, व मनरेगा का रख–रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्वः स्त्रोतः**— ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक की स्वः स्त्रोत की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024–2025 | 710602.24 | 209990.00 | 920592.24 | 639124.00 | 281468.24 |

**(ख) अनुदानः**— ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024—25 | 580108.20 | 5199215.76 | 5779323.96 | 5064102.76 | 715221.20 |

**(ग) 14वाँ वित्तायोगः—** ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक के 14 वाँ वित्तायोग की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024—25 | 76212.00 | 0.00 | 76212.00 | 0.00 | 76212.00 |

**(घ) 15वाँ वित्तायोगः—** ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक के 15वाँ वित्तायोग की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024—2025 | 1968931.90 | 873528.00 | 2842459.90 | 1070261.60 | 1772198.30 |

**(ङ) संकलित वित्तीय स्थितिः—** ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक की संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:—

| निधि का नाम | वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वः स्त्रोत | 2024—2025 | 710602.24 | 209990.00 | 920592.24 | 639124.00 | **281468.24** |
| 14 वाँ वित्तायोग | 2024—2025 | 76212.00 | 0.00 | 76212.00 | 0.00 | **76212.00** |
| 15 वाँ वित्तायोग | 2024—2025 | 1968931.90 | 873528.00 | 2842459.90 | 1070261.60 | **1772198.30** |
| अन्य अनुदान | 2024—2025 | 580108.20 | 5199215.76 | 5779323.96 | 5064102.76 | **715221.20** |
| संकलित वित्तीय स्थिति का कुल अन्तिम शेष (281468.24+76212.00+1772198.30.+715221.20) | | | | | | **2845099.74** |

**(2) दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत ऊहल, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर के बैंक शेष व हस्तगत राशि का अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| क्र॰ सं॰ | शीर्ष का नाम | बैंक का नाम | खाता संख्या | अन्त शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खाता 'क' (स्वः स्त्रोत) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50067199539 | 182392.00 |
| 2 | खाता 'क' (स्वः स्त्रोत) | पंजाब नेशनल बैंक श्री टौणी देवी जी | 3310001700001660 | 138989.85 |
| 3 | खाता 'ख' (अनुदान प्लानिंग) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060412864 | 287244.00 |
| 4 | विकेन्द्रीकृत योजना कार्यक्रम(एस.डी.पी.) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060433522 | 74130.00 |
| 5 | सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060433500 | 69526.00 |
| 6 | विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060433497 | 187472.00 |
| 7 | राज्य आपदा राहत कोष | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060433544 | 78118.00 |
| 8 | मुख्यमन्त्री आवास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50060433555 | 3532.00 |
| 9 | 14 वॉं वित्तायोग | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित ऊहल | 50066308880 | 25.00 |
| 10 | 15 वॉं वित्तायोग | हि.प्र. ग्रामीण बैंक सीमित ऊहल | 99730100001747 | 1647158.30 |
| कुल योग (1) से (10) | | | | **2668587.15** |

**(3) बैंक समाधान विवरणी दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | स्वः स्त्रोतः– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | **281468.24** |
| 2 | 14 वें वित्तायोगः– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | **76212.00** |
| 3 | 15 वें वित्तायोगः– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | **1772198.30** |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | अनुदान :– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | 715221.20 |
| 5 | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की रोकड़ बहियों का **कुल** अन्तिम शेष | 2845099.74 |
| 6 | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की स्वः स्त्रोत निधि में हस्तगत राशि (घटाव) | 2597.00 |
| 7 | दिनांक 31.03.25 को असमायोजित राशि (घटाव) | 173915.59 |
| 8 | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की रोकड़ बहियों का कुल अन्तिम शेष | 2668587.15 |
| 9 | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत के बैंक खातों / पैरा 4(2) के अनुसार विभिन्न बचत खातों का कुल अन्तिम शेष | 2668587.15 |
| | **अन्तर** | 0 |

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तशेष में ₹1.74 लाख के अन्तर का समाधान न करना :–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1)के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों से मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.2025 को **परिशिष्ट –1.3** अनुसार रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तिम शेष में **₹173915.59** राशि का अन्तर पाया गया, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति को नहीं दर्शाता हैं।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 के प्रत्युत्तर मे उक्त अन्तर की राशि वारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त पत्र में वर्णित रोकड़ बही का बैंक खातों से राशि **₹173915.59** के अन्तर का पता लगाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासानुसार अन्तर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा वस्तुस्थिति

अनुसार अन्तर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

## 5 सावधिक निवेशः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास पंचायत निधि (स्वःस्त्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत का अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश **शून्य** था। अतः पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वः स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बही का नियमानुसार रख–रखाव करके, स्वः स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके

## 6 अनुदानः–

### 6.1 अनुदान राशि ₹7.15 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट–1** पर सलंग्न है,के अनुसार दिनांक 31.03.2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹7,15,221.20**/– की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा पूर्व निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न कर पाने के कारणों को तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुए नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना:–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायतों को दी गई अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए है एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए गए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान प्राप्त विभिन्न अनुदानों के व्यय सम्बन्धी उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए, फलस्वरूप अंकेक्षणावधि में कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतु प्रस्तुत कर दिए जाएगें।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई/ अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.3 अनुदान के आदेश/स्वीकृति पत्र की प्रति अंकेक्षणार्थ उपलब्ध न करवाना :–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 79(2) के अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है तथा सचिव पंचायती राज, विभाग, हि.प्र. शिमला–9 के पत्र संख्या पीसीएच–एच ए (5) सी 15313/89–4614–4787 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी व अन्य स्वीकृति एजेन्सी द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवाएगी ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है। किन्तु अंकेक्षण के दौरान अनुदान आदेश/स्वीकृति पत्र अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किये गए।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश/स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नहीं हुए है तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरान्त मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रकिया है, क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

अनुदान के आदेश/स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सकता कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य, कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे/ एवं प्राप्त अनुदान राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की गई थी अथवा नहीं?

अतः उक्त आदेश, स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह प्रकरण उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है।

### 6.4 निर्धारित सीमा से अधिक राशि ₹0.03 लाख नकद हस्तगत रखनाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 10(3) अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा एक हजार रुपये से अनाधिक राशि ग्राम पंचायत द्वारा उपगत किए जाने वाले अत्यावश्यक व्यय हेतु अग्रदाय के रूप में रखी जाएगी।

अंकेक्षण अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के अंकेक्षण के दौरान स्व: स्त्रोत निधि की जांच में पाया गया कि 31.03.2025 को निधि में हस्तगत राशि 2597/- शेष थी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा भविष्य में निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि नही रखी जायेगी। अतः नियमों के विपरीत हस्तगत राशि को रखने का औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार ही हस्तगत राशि का रखा जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7 पंचायत राजस्वः–

### 7.1 पंचायत का गृहकर/सम्पत्ति कर राशि ₹0.14 लाख वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 के क्रम संख्या 6 के प्रतिउत्तर में **परिशिष्ट–2** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान गृहकर की देय राशि **₹**14,200/–

वसूली हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंम्भीर नहीं है। अतः गृहकर की राशि की वसूली न करने का नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 पंचायत का स्वच्छता/सफाई शुल्क राशि ₹0.34 लाख वसूली हेतु शेषः—

मिशन निदेशक (एस बी एम जी) एवं निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या एस. एम. जी. 19/2000—2/1 —आर डी. डी. —एस—जी दिनांक 24.01.2025 के अनुसार हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता परिसम्पत्तियों के संचालन और रख—रखाव हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्वच्छता शुल्क का निर्धारण हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त स्वच्छता शुल्क प्राप्त करेगी। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट) नियमावली 2002 के नियम 34(2) के प्रावधानानुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 के प्रतिउत्तर में **परिशिष्ट—2** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024—25 के दौरान स्वच्छता शुल्क की देय राशि **₹**34,080/— वसूली हेतु शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है।

अतः स्वच्छता शुल्क की राशि की वसूली न करने का नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.3 रसीदों से प्राप्त राशि ₹0.50 लाख का दुर्विनियोजनः—

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 6(3) के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्राप्त राशियों को रोकड़ बही में दर्ज करने के उपरान्त बैंक मे जमा करवाना अनिवार्य है ।

ग्राम पंचायत के अवधि 04/2024 से 03/2025 के दौरान आय की रसीदों के अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट**—**3** में दिये गयें विवरणानुसार **₹50116/—** की राशि का रोकड़ बही में इन्द्राज नहीं किया गया था और न ही इस राशि को बैंक में जमा करवाया गया था, परिणामस्वरूप राशि का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि रसीदों के रूप में प्राप्त **₹50116/—** को रोकड़ बही में

दर्ज करके तथा राशि के बैंक में जमा करवाकर अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः उक्त राशि का शीघ्र रोकड़ बही में लेखांकन करके इसे बैंक में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार कारगर कदम उठाये जाये।

**8 व्ययः—**

## 8.1 आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई खनन निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना राशि ₹13.90 लाख का अनियमित भुगतान करनाः—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियमावली 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम के द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत दण्ड शुल्क के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के निर्देशानुसार व माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के आदेशानुसार अब संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं (कॉन्ट्रैक्टर्स/वेंडर्स) से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जाएगी तथा भुगतान उनके द्वारा केवल वैध ट्रांजिट फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त नहीं किये थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को संलग्न **परिशिष्ट—4** अनुसार **₹**13,89,519.27 का अनियमित भुगतान किया गया था।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 के माध्यम से सूचित किया गया कि "नियमों की जानकारी न होने के कारण उक्त वर्णित **₹**13,89,519.27 राशि से सम्बन्धित फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता से नहीं लिए गए हैं, जिन्हे भविष्य में नियमानुसार लेकर ही भुगतान किया जाएगा प्रस्तुत उत्तर मान्य नहीं हैं, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म की अनुपस्थिति में अंकेक्षणावधि के दौरान आपूर्तिकर्ता को किया गया सम्पूर्ण भुगतान नियमों के विपरीत एवं अनियमित प्रतीत होता है।

अतः उक्त राशि के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अथवा इस प्रकरण को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8.2 संविदाकारों/आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2 % जी.एस.टी. की कटौती न करने के कारण ₹0.30 लाख का अधिक भुगतान करना:–

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की धारा 51 तथा हिमाचल प्रदेश आवकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78EXN-Tax-Part(278/25)-29056 दिनांक 29.09.2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/LocalAuthority/Govt.Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति फर्म, को सेवायें तथा वस्तुऐं प्रदान करने के बदले एकल अनुबन्ध के अन्तर्गत ₹2,50,000/– से अधिक राशि का भुगतान करने पर 2% (1% सी.जी.एस.टी.तथा 1% एस.जी.एस.टी. अन्तर्राज्यीय आपूर्ति एवंम 2% आई.जी.एस.टी. अन्तर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/संविदाकारों को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति सलंग्न **परिशिष्ट–5** अनुसार रशि ₹15,01,012/– (जी.एस.टी.के अलावा) भुगतान किया गया था, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर राशि ₹30,020.24/– की 2% जी.एस.टी.,टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं द्वारा ₹15,01,012/– की सामग्री की आपूर्ति करने पर नियमानुसार ₹30,020.24/– जी.एस.टी.,टी.डी.एस. की कटौती बिलों में से नहीं की गई है, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः जी.एस.टी. (टी.डी.एस.) की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए,तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग के जिलाधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9. निर्माण कार्यों पर व्यय से सम्बन्धित अनियमितताएँः–

### 9.1 उचित बिलों के बिना ₹0.76 लाख का भुगतान करनाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 47 के अनुसार दावाकर्ता को अपने दावे उचित बिल पर प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट–6** में दिये गये विवरणानुसार अनुसार **₹75,594** का व्यय आपूर्तिकर्ता से उचित बिल प्राप्त न करके केवल कोरे कागज पर बिल बनाकर भुगतान किया गया था जोकि अनियमित है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 के माध्यम से अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित अनियमितता को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा। अतः उक्त आपूर्तिकर्ताओं से उचित बिल प्राप्त न करके केवल कोरे कागज पर बिल बनाकर भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व सम्बन्धित आपूर्तिकर्ताओं से उचित बिल प्राप्त करना सुनिश्चित किये जाये तथा नियमानुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 9.2 ₹1.22 लाख के व्यय से सम्बन्धित माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करनाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को पंचायत लेखों से सम्बन्धित उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–7** में दिये गये विवरणानुसार विभिन्न कार्यों हेतु प्रयोग की गई सामग्री के बिलों के अन्तर्गत **₹1,22,276** राशि का भुगतान किया गया था, जिससे सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा सत्यापना हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत करने की मांग की गई, लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तक माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05. 2025 के तहत अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित माप पुस्तिकाओं से सम्बन्धित अनुपालना आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी। नियमानुसार अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना गम्भीर आपत्तिजनक है। परिणामस्परूप किए गए कार्य के मूल्यांकन की जांच अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।अतः हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते)

नियमावली 2002 के नियम 101(2) की अनुपालना सहित अपेक्षित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण को प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.3 खपत से अधिक निर्माण सामग्री जारी करने के कारण राशि ₹0.99 लाख की सामग्री का दुर्विनियोजन/दुरूपयोग करनाः—

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 44 के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत का प्रधान और सम्बद्व पंचायत का सचिव पंचायत निधि से उपगत या प्राधिकृत करते समय वित्तीय औचित्य के सिद्वान्तों का अनुपालन करेगें।

अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के चयनित माह 08/2024 में मनरेगा शीर्ष के अर्न्तगत करवाये गए निर्माण कार्य के मूल्याकंन से सम्बन्धित माप पुस्तिका के अंकेक्षण में पाया गया कि रेत, बजरी, व ब्लॉक आदि निर्माण सामग्री की मूल्यांकन से अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के फलस्वरूप राशि **₹99493/—** की सामग्री का दुर्विनियोजन/दुरूपयोग किया गया प्रतीत होता है। जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–8** पर भी दिया गया है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 55/2025 दिनांक 17.05.2025 द्वारा उक्त वित्तीय अनियमितता का प्रकरण सचिव ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 के तहत अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित मनरेगा शीर्ष के अन्तर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के मूल्याकंन के रूप में **₹99493/—** के अधिक भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के उचित एवं पारदर्शी लेखांकन के अभाव में उसके दुर्विनियोजन के फलस्वरूप किये गये अनियमित भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु निर्माण कार्यों की नमूना जाँच एवं सत्यापन नियमानुसार उच्च्य तकनीकी अधिकारियों द्वारा की जानी भी सुनिश्चित की जाये।

## 10 विहित रजिस्टरों/अभिलेख का अनुरक्षण न करनाः—

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित बजट लेखे, संपरीक्षा,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 व हि॰ प्र॰ पंचायती राज (सामान्य) नियमावली 1997 के नियम 34 के प्रावधित महत्वपूर्ण रजिस्टरों/अभिलेखों का अनुरक्षण किया जाना आपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि

पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का अनुरक्षण नहीं किया गया था, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है:–

| क्र॰ सं॰ | रजिस्टर/अभिलेख | फॉर्म संख्या | सन्दर्भित नियम |
|---|---|---|---|
| **हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, संपरीक्षा,लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002** | | | |
| 1 | अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर | 9 | 30 |
| 2 | माँग और प्राप्ति रजिस्टर | 10 | 33 |
| 3 | बजट प्राक्कलन | 11 | 37 |
| 4 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61(2) |
| 5 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 व 26 | 72(1) |
| 6 | गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों से सम्बन्धित अभिलेख का अनुरक्षण न करना | 30 | 89 |
| 7 | निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर | 31 | 95(1) |
| 8 | निर्माण कार्यों का रजिस्टर | –– | 103 |
| 9 | माप पुस्तिकाओं का अनुरक्षण रजिस्टर | –– | 101(2)(V) |
| **हि॰ प्र॰ पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997** | | | |
| 1 | विकास कार्य निष्पादन रजिस्टर | 7 | 34 |
| 2 | अचल सम्पत्ति रजिस्टर | 11 | 34 |
| 3 | अनुदान रजिस्टर | | |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 54/2025 दिनांक 15.05.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत को सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या जीपीयू/4/2025 दिनांक 17.05.2025 के माध्यम से अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि पंचायत द्वारा इन रजिस्टरों/अभिलेखों का रख–रखाव नहीं किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में सभी रजिस्टरों का तैयार कर लिया जाएगा और अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये गयें आश्वासन के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर सभी रजिस्टरों को नियमानुसार संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा जाए।

## 11. भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना:–

